# रेनर मारिया रिल्के



रेनर मारिया रिल्के का जन्म 4 दिसंबर 1875 ई० में प्राग, ऑस्ट्रिया (अब जर्मनी) में हुआ था । इनके पिता का नाम जोसेफ रिल्के और माता का नाम सोफिया था । इनकी शिक्षा-दीक्षा अनेक बाधाओं को पार करते हुए हुई । इन्होंने प्राग और म्यूनिख विश्वविद्यालयों में शिक्षा पायी । कला और साहित्य में आरंभ से ही इनकी गहरी अभिरुचि थी । संगीत, सिनेमा आदि अनेक कलाओं में इनकी गहरी पैठ थी । कविता के अतिरिक्त इन्होंने गद्य भी पर्याप्त लिखा । इनका एक उपन्यास 'द नोटबुक ऑफ माल्टे लॉरिड्स ब्रिज' और 'टेल्स ऑफ आलमाइटी' कहानी संग्रह प्रसिद्ध हैं । इनके प्रमुख कविता संकलन हैं - 'लाइफ एण्ड सोंग्स', 'लॉरेंस सेक्रिफाइस', 'एडवेन्ट' आदि । इनका निधन 29 दिसंबर 1926 ई० में हुआ ।

रिल्के का रचनात्मक अवदान बहुत बड़ा है । इन्होंने आधुनिक यूरोप के साहित्य को अपने गहरे भावबोध तथा संवेदनात्मक भाषा और शिल्प से काफी प्रभावित किया । इनकी काव्य शैली गीतात्मक है और भावबोध में रहस्योन्मुखता है ।

प्रसिद्ध हिंदी कवि **धर्मवीर भारती** द्वारा भाषांतरित इस महान जर्मन कवि की कविता यहाँ प्रस्तुत है । यह कविता विश्व कविता के भाषांतरित संकलन 'देशांतर' से ली गयी है । रिल्के का आधुनिक विश्व कविता पर प्रभाव बताया जाता है । रिल्के मर्मी इसाई कवियों जैसी पवित्र आस्था के आस्तिक कवि थे, जिनकी कविता में रहस्यवाद के आधुनिक स्वर सुने जाते हैं । प्रस्तुत कविता इस तथ्य की एक दुर्लभ साखी पेश करती है । बिना भक्त के भगवान भी एकाकी और निरुपाय हैं । उनकी भगवत्ता भी भक्त की सत्ता पर ही निर्भर करती है । व्यक्ति और विराट सत्य एक-दूसरे पर निर्भर हैं । प्रेम के धरातल पर अत्यंत पावनतापूर्वक यह कविता इस सत्य को अभिव्यक्त करती है ।

# मेरे बिना तुम प्रभु

जब मेरा अस्तित्व न रहेगा, प्रभु, तब तुम क्या करोगे ?
जब मैं – तुम्हारा जलपात्र, टूटकर बिखर जाऊँगा ?
जब मैं तुम्हारी मदिरा सूख जाऊँगा या स्वादहीन हो जाऊँगा ?

मैं तुम्हारा वेश हूँ, तुम्हारी वृत्ति हूँ
मुझे खोकर तुम अपना अर्थ खो बैठोगे ?

मेरे बिना तुम गृहहीन निर्वासित होगे, स्वागत-विहीन
मैं तुम्हारी पादुका हूँ, मेरे बिना तुम्हारे
चरणों में छाले पड़ जाएँगे, वे भटकेंगे लहूलुहान !

तुम्हारा शानदार लबादा गिर जाएगा
तुम्हारी कृपादृष्टि जो कभी मेरे कपोलों की
नर्म शय्या पर विश्राम करती थी
निराश होकर वह सुख खोजेगी
जो मैं उसे देता था –
दूर की चट्टानों की ठंढी गोद में
सूर्यास्त के रंगों में घुलने का सुख

प्रभु, प्रभु मुझे आशंका होती है
मेरे बिना तुम क्या करोगे ?

# बोध और अभ्यास

## कविता के साथ

1. कवि अपने को जलपात्र और मदिरा क्यों कहता है ?
2. आशय स्पष्ट कीजिए –

   "मैं तुम्हारा वेश हूँ, तुम्हारी वृत्ति हूँ
   मुझे खोकर तुम अपना अर्थ खो बैठोगे ?"
3. शानदार लबादा किसका गिर जाएगा और क्यों ?
4. कवि किसको कैसा सुख देता था ?
5. कवि को किस बात की आशंका है ? स्पष्ट कीजिए ।
6. कविता किसके द्वारा किसे संबोधित है ? आप क्या सोचते हैं ?
7. मनुष्य के नश्वर जीवन की महिमा और गौरव का यह कविता कैसे बखान करती है ? स्पष्ट की
8. कविता के आधार पर भक्त और भगवान के बीच के संबंध पर प्रकाश डालिए ।

## कविता के आस-पास

1. पुस्तकालय से रवीन्द्रनाथ की 'गीतांजलि' का हिंदी अनुवाद खोजकर पढ़ें और रिल्के तथा रवीन्
   में समानता के सूत्र खोजिए ।
2. हिंदी में 'रिल्के के पत्र' प्रकाशित हैं । उन्हें पढ़ें ।
3. रिल्के के बारे में विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र कीजिए और उसे लेख के रूप में प्रस्तुत की

## भाषा की बात

1. कविता से तत्सम शब्दों का चयन करें एवं उनका स्वतंत्र वाक्यों में प्रयोग करें ।
2. कविता में प्रयुक्त क्रियाओं का स्वतंत्र वाक्यों में प्रयोग करें ।
3. कविता से अव्यय पद चुनें ।
4. कविता के विशेष्य पदों को चिह्नित करें ।

## शब्द निधि

**जलपात्र** : पानी रखने का बर्तन
**वृत्ति** : प्रवृत्ति, कर्म-स्वभाव
**निर्वासित** : बेघर
**पादुका** : चप्पल, जूते, खड़ाऊँ आदि
**लबादा** : चोगा
**कपोल** : गाल
**शय्या** : बिस्तर